**Set - A**

**माध्यमिक शिक्षा मंडल म.प्र. भोपाल**

**आदर्श प्रश्न पत्र**
**Model Question Paper**

**व्यावसायिक अर्थशास्त्र**
**(Business Economics)**

**कक्षा – 12वीं**
**(Hindi & English Versions)**

**Time - 3 hours** **M. M. 100**

**निर्देश :–**

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
2. प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न पर 5 अंक निर्धारित हैं।
3. प्रश्न क्रमांक 6 से 10 तक प्रत्येक प्रश्न पर 02 अंक निर्धारित हैं तथा प्रत्येक का उत्तर लगभग 30 शब्दों में देना है।
4. प्रश्न क्रमांक 11 से 17 तक प्रत्येक प्रश्न पर 04 अंक निर्धारित हैं तथा प्रत्येक का उत्तर लगभग 75 शब्दों में देना है।
5. प्रश्न क्रमांक 18 से 22 तक प्रत्येक प्रश्न पर 05 अंक निर्धारित हैं तथा प्रत्येक का उत्तर लगभग 120 शब्दों में देना है।
6. प्रश्न क्रमांक 23 से 24 तक प्रत्येक प्रश्न पर 06 अंक निर्धारित हैं तथा प्रत्येक का उत्तर लगभग 150 शब्दों में देना है।
7. प्रश्न क्रमांक 6 से 24 तक सभी प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिये गये हैं।

**Instructions :**

1. All questions are compulsory.
2. Q. No. 1 to 5 are Objective Questions Each question carries 5 marks.
3. Q. No. 6 to 10 carries 2 marks.
4. Q. No. 11-17 carries 4 marks.
5. Q. No. 18-22 carries 5 marks each.
6. Q. No. 23-24 carries 6 marks each.
7. The word limit of the questions will be as follows –
   02 marks about 30 words.
   04 marks about 75 words.
   05 marks about 120 words.
   06 marks about 150 words.

# खण्ड – 'अ'
# (Section - A)
## वस्तुनिष्ठ प्रश्न
## (Objective Type Questions)

**प्र.1 निम्नलिखित में से सही विकल्प छांटकर लिखिये –** **05**

1. कीमत सिद्धांत का विश्लेषण विषय वस्तु है –

   अ. व्यष्टि अर्थशास्त्र की।

   ब. समष्टि अर्थशास्त्र की।

   स. मांग की।

   द. उपर्युक्त में से कोई नहीं।

2. "पूर्ति अपने लिये माँग स्वयं ही उत्पन्न कर लेती है" यह कथन किसका है –

   अ. प्रो. जे.बी. से।

   ब. रिकार्डो।

   स. प्रो. पीगू।

   द. प्रो. कीन्स।

3. "मुद्रा वह धुरी है जिस पर अर्थ विज्ञान चक्कर लगाता है" यह किसने कहा है –

   अ. प्रो. हार्टले।

   ब. प्रो. पीगू।

   स. प्रो. मार्शल।

   द. प्रो. कीन्स।

4. भारत में संसद बजट को सामान्यतः स्वीकृति दे देती है –

   अ. 28 फरवरी तक     ब. 1 मार्च तक

   स. 15 मार्च तक     द. 31 मार्च तक

5. बाजार मूल्य होता है –

अ. अल्पकालीन    ब. दीर्घकालीन

स. अतिदीर्घकालीन    द. उपर्युक्त में से कोई नहीं

Q.1 Choose and write the corret option in following –

1. Analysis of price theory is subject matter of –

a. Micro economics    b. Macro economics

c. Demand    d. None of these

2. Who stated that "supply itself produces demand" –

a. Prof. J.B. Say    b. Recardo

c. Prof. Pigou    d. Prof. Keynes

3. "Money is that axis on which economics rotates" who said this –

a. Prof. Hartley Withers    b. Prof. Pigou

c. Prof. Marshal    d. Prof. Keynes

4. In India parliament gives approval to Budget upto –

a. 28 February    b. 1 March

c. 15 March    d. 31 March

5. Market Price is known as –

a. Short period    b. Long period

c. Very long periods    d. None of these

**प्र.2 रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिये –** **05**

1. भारतीय रिजर्व बैंक की स्थापना ............... में हुई।
2. ............ बैंक नोट निर्गमन का कार्य करता है।
3. घाटे का बजट ................. होता है।
4. सरकारी बजट ................ वर्ष के लिये तैयार किया जाता है।
5. रेल बजट संसद में ................. के द्वारा प्रस्तुत किया जाता है।

**Q.2 Fill in the blanks –**

1. Reserve Bank of India was established in ______.
2. _____ Bank issue currency notes.
3. Deficit budget is _________.
4. Government budget is made for _______ years.
5. Railway budget is presented by ______ in the parliament.

**प्र.3 निम्नलिखित प्रत्येक का एक शब्द में उत्तर लिखिये –** **05**

1. व्यापार का क्या उद्देश्य होता है ?
2. भुगतान संतुलन में कौन सी मदें सम्मिलित रहती हैं ?
3. सामान्य मूल्य कैसा मूल्य है ?
4. भारत में जूट का केन्द्रीयकरण किस राज्य में हुआ है ?
5. साहसी को प्राप्त होने वाला प्रतिफल क्या कहलाता है ?

**Q.3 Write the answer in one word each –**

1. What is the motive of business ?
2. Which items are included in balance of payments ?
3. What is meant by normal price ?
4. In which state localization of Jute in India took place ?
5. The reward of entrepreneur is known as ?

**प्र.4 निम्नलिखित का सत्य / असत्य में उत्तर दीजिये –** **05**

1. बाल श्रमिक 14 वर्ष से कम उम्र के होते हैं ?
2. ब्याज संयम का प्रतिफल है ?
3. मनोरंजन कर प्रत्यक्ष कर है ?
4. राजस्व अर्थशास्त्र की शाखा है ?
5. अधिकतम सामाजिक लाभ का सिद्धांत पीगू ने प्रतिपादित किया ?

**Q.4 Answer the following in True / False –**

1. The child labour are under the age of 14 years.
2. Interest is the reward of patience.

3. Entertainment tax is a direct tax.

4. Public finance is the branch of economics.

5. The principle of maximum social advantage is given by Pigou.

**प्र.5 निम्नलिखित के सही जोड़ियाँ बनाईये –** **05**

| | अ | | ब |
|---|---|---|---|
| 1. | करों के प्रकार | 1. | आर्थिक बैरोमीटर |
| 2. | कागज | 2. | 2 |
| 3. | निर्देशांक | 3. | बचत एवं विनियोग की दर में वृद्धि |
| 4. | प्राथमिक समंक | 4. | मानव की शिक्षा का आधार |
| 5. | राष्ट्रीय आय में वृद्धि होने से | 5. | मौलिक |

**Q.5 Match the following statements given in column A with column B –**

| | A | | B |
|---|---|---|---|
| 1. | Types of taxes | - | Economic barometer |
| 2. | Paper | - | 2 |
| 3. | Index number | - | Increase in the rate of saving and investment |
| 4. | Primary data | - | Basis of human education |
| 5. | By increases in National income | - | Original |

## खण्ड – ब

## Section - B

## अति लघु–उत्तरीय प्रश्न

## Very Short Type Questions

6 केन्द्रीय बैंक एवं व्यापारिक बैंक में दो अंतर लिखिये ? 02

**अथवा**

मुद्रा के प्राथमिक कार्यों को लिखिये ?

Distinguish between central bank and commercial bank. (any two)

**Or**

Write the primary functions of money ?

7. घाटे के बजट का अर्थ लिखिये ? 02

**अथवा**

बजट की कोई दो विशेषताएँ लिखिये ?

What is meant by deficit budget?

**Or**

State two characteristics of budget ?

8. वस्तु विनिमय प्रणाली के कोई दो लाभ समझाईये ? 02

**अथवा**

वस्तु विनिमय की कोई दो कठिनाईयों को समझाईये ?

Explain any two advantages of Barter system ?

**Or**

Explain any two difficulties of Barter system ?

9. मजदूरी में भिन्नता के दो कारण संक्षिप्त में लिखिये ? 02

**अथवा**

आभास लगान को समझाईये ?

Write any two points responsible for difference in wages ?

**Or**

Explain the Quasi-Rent ?

10. प्राथमिक समंकों से आप क्या समझते हैं ? 02

**अथवा**

द्वितीयक समंकों से आप क्या समझते हैं ?

What is meant by primary data ?

**Or**

Write is meant by secondary data ?

11. व्यष्टि अर्थशास्त्र की कोई चार सीमाऐं लिखिये ? 04

**अथवा**

व्यष्टि एवं समष्टि अर्थशास्त्र में अंतर लिखिये ?

Write the limitations of micro economics (any four)

**Or**

Differentiate between micro and macro economics ?

12. आय व रोजगार के परंपरावादी सिद्धांत की विशेषताएँ लिखिये ? 04

**अथवा**

पूर्ण एवं अपूर्ण रोजगार से क्या आशय है ?

Write the characteristics of classical theory of employment ?

**Or**

What is meant by full employment and under employment ?

13. बजट के उद्देश्य लिखिये ? 04

**अथवा**

भारत में बजट निर्माण की प्रक्रिया बताईये ?

State objective of Budget ?

**Or**

Discuss the budgetary procedure in India ?

14. भारत में भुगतान संतुलन की प्रतिकूलता के कोई 4 कारण बताईये ? 04

**अथवा**

प्रतिकूल भुगतान संतुलन को ठीक करने के चार उपाय बताईये ?

Discuss any four causes of adverse balance of payment in India ?

**Or**

Discuss any four suggestions for correcting adverse balance of payment?

15. व्यापार संतुलन एवं भुगतान संतुलन में अंतर स्पष्ट कीजिये ? 04

**अथवा**

लोचपूर्ण विनिमय दर के पक्ष–विपक्ष में दो–दो तर्क दीजिये ?

Disginguish between balance of trade and balance of payment ?

**Or**

Give two arguments each in favour and against in flexible exchange rate?

16. जूट की खेती के लिये आवश्यक भौगोलिक दशाओं का वर्णन कीजिये ? 04

**अथवा**

कपास की खेती के लिये आवश्यक भौगोलिक दशाओं का वर्णन कीजिये ?

Explain the geographical conditions necessary for the production of Jute?

**Or**

Explain briefly the necessary geographical for the production of cotton ?

17. राष्ट्रीय आय के महत्व को चार बिन्दुओं में स्पष्ट कीजिये ? 04

**अथवा**

भारत में राष्ट्रीय आय कम होने के कोई चार कारणों को लिखिये ?

Explain the importance of National income (any four).

**Or**

Discuss the cause of India's law national income (any four).

18. अभावी माँग उत्पन्न होने के कोई पांच कारण बताईये ? 05

**अथवा**

अत्यधिक माँग को ठीक करने के उपाय बताईये ?

Explain the causes of deficit demand (any five).

**Or**

Discuss the Measures to correct excess demand ?

19. एकाधिकार बाजार की कोई पाँच विशेषताऐं लिखिये ? 05

**अथवा**

पूर्ण प्रतियोगिता बाजार में वस्तु का मूल्य किस प्रकार निर्धारित होना चाहिये ?

Write any five characteristics of Monopoly ?

**Or**

How price is determined in perfect competition ?

20. महिला श्रमिकों की मुख्य समस्याऐं क्या हैं ? 05

**अथवा**

बाल श्रमिकों की दशा सुधारने के लिये उपाय बताईये ?

What are the main problems of women labourers ?

**Or**

Give the suggestions to improve the problems of child labour ?

21. भारत में फसलों के ढंचे को कौन–कौन से तत्व प्रभावित करते हैं ? 05

**अथवा**

भारतीय सूती वस्त्र उद्योग की समस्याओं का वर्णन कीजिये ?

Discuss the factors which determine the croppina pattern in India ?

**Or**

Explain the problems of cotton textiles industries in India ?

22. आय गणना प्रणाली के प्रमुख घटक लिखिये ? 05

**अथवा**

भारत में राष्ट्रीय आय की वृद्धि हेतु आवश्यक सुझाव दीजिये ?

Write the main factor of income method measurement of national income ?

**Or**

Give suggestion to increase national income in India ?

23. प्रत्यक्ष करों के गुण या लाभ लिखिये ? 06

**अथवा**

कर अपवंचन के कारणों का वर्णन कीजिये ?

State the marits or profit of direct taxes ?

**Or**

State the causes of tax evasion ?

24. निम्नलिखित सारणी से सरल समान्तर माध्य ज्ञात कीजिये – 06

| पद आकार | 10 | 20 | 30 | 40 | 50 | 60 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| आवृत्ति | 8 | 10 | 12 | 20 | 6 | 4 |

**अथवा**

निम्नलिखित आँकड़ों से मध्यिका ज्ञात कीजिये – 06

| आकार | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आवृत्ति | 5 | 7 | 11 | 9 | 8 | 7 | 3 | 2 |

Find out simple arithmetic mean from the following particulars –

| Size | 10 | 20 | 30 | 40 | 50 | 60 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| Frequency | 8 | 10 | 12 | 20 | 6 | 4 |

**Or**

Find out median from the following data - 06

| Size | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Frequency | 5 | 7 | 11 | 9 | 8 | 7 | 3 | 2 |

**Set - A**

# माध्यमिक शिक्षा मंडल म.प्र. भोपाल

## आदर्श उत्तर
## (Model Answer)

## व्यावसायिक अर्थशास्त्र
## Business Economics

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न
## Objective Type Questions

**1. सही विकल्प चुनकर लिखिये –**

उ. अ (i) व्यष्टि अर्थशास्त्र की।

ब (i) जे.बी. से।

स (iii) प्रो. मार्शल।

द (iv) 31 मार्च तक।

इ (i) अल्पकालीन।

**2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिये –**

उ. (i) 1 अप्रैल सन् 1935

(ii) रिजर्व बैंक।

(iii) लाभदायक।

(iv) एक वर्ष।

(v) रेलमंत्री।

**3. एक शब्द में उत्तर –**

उ. (i) लाभ कमाना।

(ii) दृश्य एवं अदृश्य।

(iii) दीर्घकालीन।

(iv) पश्चिम बंगाल।

(v) लाभ।

**4. निम्नलिखित का सत्य या असत्य में उत्तर दीजिये –**

उ. (अ) सत्य

(ब) सत्य

(स) असत्य

(द) सत्य

(इ) असत्य

**5. सही जोड़ियाँ बनाईये –**

| अ | | ब | |
|---|---|---|---|
| 1. | करों के प्रकार | 1. | दो |
| 2. | कागज | 2. | मानव की शिक्षा का आधार |
| 3. | निर्देशांक | 3. | आर्थिक बैरोमीटर |
| 4. | प्राथमिक समंक | 4. | मौलिक |
| 5. | राष्ट्रीय आय में वृद्धि होने से | 5. | बचत एवं विनियोग की दर में वृद्धि |

## खण्ड – ब

## अति लघु–उत्तरीय प्रश्न

**6. केन्द्रीय बैंक एवं रिजर्व बैंक में अंतर –**

| क्र. | केन्द्रीय बैंक | क्र. | रिजर्व बैंक |
|---|---|---|---|
| 1 | इसे पत्र मुद्रा निर्गमन का अधिकार होता है। | 1 | इसे इस प्रकार को कोई अधिकार नहीं होता है। |
| 2 | यह देश का सर्वोच्च बैंक होता है। | 2 | व्यापारिक बैंक वह संस्था है, जो लाभ कमाने के उद्देश्य से मुद्रा व साख में लेनदेन करती है। |
| 3 | केन्द्रीय बैंक व्यापारिक बैंकों से किसी प्रकार की प्रतियोगिता नहीं करता है। | 3 | व्यापारिक बैंक अपने कारोबार को बढ़ाने के लिये अन्य व्यापारिक बैकों से प्रतियोगिता करते हैं। |
| 4 | तेजी तथा मंदीकाल में यह क्रियाशील भूमिका अदा करता है। | 4 | यह बैंक ऐसा नहीं करते हैं। |
| 5 | यह जनता से प्रत्यक्ष व्यवसाय नहीं करता। | 5 | यह जनता से प्रत्यक्ष व्यवसाय करते हैं। |

**(कोई दो लिखने पर पूर्ण अंक दिये जाए)**

**अथवा**

**मुद्रा के दो प्राथमिक कार्य हैं –**

1. विनिमय का माध्यम।
2. मूल्य का मापक।

**(संक्षिप्त वर्णन पर पूर्ण अंक दिये जायें)**

उ.7 जब सरकार आय की तुलना में व्यय अधिक करने लगती है तो उसे घाटे का बजट कहेंगे। वर्तमान समय में घाटे के बजटों का ही अधिक प्रचलन है। इसमें कुल माँग में वृद्धि करके देश के आर्थिक क्रियाओं को ऊँचा रखने के उद्देश्य से सरकारी व्यय करों से प्राप्त आय की तुलना में अधिक किया जाता है।

**अथवा**

**बजट की विशेषताऐं –**

1. विवरण।
2. निश्चित अवधि से पूर्व।
3. साधनों का ब्यौरा।
4. संतुलित बजट।

**(कोई 2 करने पर पूर्ण अंक दिये जाऐं)**

**उ.8 वस्तु विनिमय प्रणाली के लाभ –**

1. परस्पर संपर्क।
2. सरलता।
3. मुद्रा के दोषों से मुक्ति।
4. धन का समान वितरण।

**(कोई दो संक्षिप्त वर्णन पर पूर्ण अंक दिये जाऐं)**

**अथवा**

**वस्तु विनिमय की कठिनाईयाँ –**

1. दोहरे संयोग का अभाव।
2. वस्तु विभाजन की समस्या।
3. धन संचय का अभाव।
4. मूल्य मापन की समस्या।
5. क्रय शक्ति के हस्तांतरण की समस्या।

**(उपर्युक्त में से कोई 2 के संक्षिप्त वर्णन पर पूर्ण अंक दिये जायें)**

**उ.9 मजदूरी में भिन्नता के कारण –**

1. श्रमिकों की उत्पादकता एवं कार्यक्षमता में अंतर।
2. कार्य की अवधि।
3. कार्य की प्रकृति।
4. भावी उन्नति।
5. व्यवसाय का स्थायी एवं नियमित होना।

**(उपर्युक्त में से कोई 2 कारण पर पूर्ण अंक दिये जाये)**

**अथवा**

भूमि को छोड़कर उत्पत्ति के अन्य साधनों को अल्पकाल में सीमित होने के कारण जो अतिरिक्त लाभ मिलता है, उसे आभास लगान कहते हैं। यह अस्थायी आधिक्य है।

उ10 प्राथमिक समंक अनुसंधानकर्ता द्वारा स्वयं एकत्र किये जाते हैं। ये मौलिक तथा सांख्यिकीय रीतियों के लिये कच्चे माल की तरह होते हैं। प्राथमिक आँकड़े पूर्व निर्धारित उद्देश्य से एकत्रित किये जाते हैं।

**अथवा**

द्वितीयक समंक वे हैं जो पहले एकत्रित किये जा चुके हैं यह निर्मित माल की तरह होते हैं तथा पत्र–पत्रिकाओं, सरकारी एवं गैर–सरकारी प्रशासनों आदि से उपलब्ध हो जाते हैं।

**उ11 व्यष्टि अर्थशास्त्र की सीमाएँ –**

1. केवल व्यक्तिगत इकाईयों का अध्ययन।
2. अवास्तविक मान्यताएँ।
3. व्यष्टि निष्कर्ष समग्र अर्थव्यवस्था के लिये अनुपयुक्त।
4. संकुचित अध्ययन।
5. अव्यवहारिक।

**(उपर्युक्त में से कोई 4 सीमाओं के संक्षिप्त वर्णन पर पूर्ण अंक दिये जाऐं)**

**अथवा**

**व्यष्टि अर्थशास्त्र एवं समष्टि अर्थशास्त्र में अंतर –**

| क्र. | व्यष्टि अर्थशास्त्र | क्र. | समष्टि अर्थशास्त्र |
|---|---|---|---|
| 1 | व्यष्टि अर्थशास्त्र में व्यक्तिगत आर्थिक इकाईयों का अध्ययन किया जाता है। | 1 | समष्टि अर्थशास्त्र में संपूर्ण अर्थव्यवस्था का अध्ययन किया जाता है। |
| 2 | यह कीमत विश्लेषण से संबंध रखता है। | 2 | इसका संबंध आय विश्लेषण से होता है। |
| 3 | वर्तमान में इसका महत्व कम है। | 3 | इसका महत्व लगातार बढ़ता जा रहा है। |
| 4 | व्यष्टि अर्थशास्त्र केवल एक स्थान विशेष के लिये ही उपयोगी है। | 4 | समष्टि अर्थशास्त्र की अंतर्राष्ट्रीय उपयोगिता है। |
| 5 | इसका क्षेत्र सीमित है। | 5 | इसका क्षेत्र व्यापक है। |

**(कोई चार अंतर लिखने पर पूर्ण अंक दिये जायें)**

**उ12 आय व रोजगार के परंपरावादी सिद्धांत की विशेषताएँ –**

1. माँग एवं पूर्ति में स्वतः संतुलन।
2. बेरोजगारी की कल्पना निराधार।

3. हस्तक्षेप रहित आर्थिक समाज।

4. रोजगार दिलाने की लागत का स्वतः प्रकट होना।

**अथवा**

**पूर्ण रोजगार :** किसी अर्थव्यवस्था में कार्य करने के इच्छुक व्यक्ति को समर्थ प्रचलित मजदूरी दरों पर काम मिलना ही पूर्ण रोजगार है।

**अपूर्ण रोजगार :** अर्थव्यवस्था में कार्य करने के इच्छुक व्यक्ति को प्रचलित मजदूरी दरों पर कार्य न मिलना ही अपूर्ण रोजगार है।

**उ.13 बजट के उद्देश्य –**

1. हिसाबदेयता।
2. आय–व्यय का अनुमान लगाना।
3. योजना से संबंधित।
4. आर्थिक स्थिरता।

**अथवा**

**बजट निर्माण की प्रक्रिया –**

1. बजट की तैयारी।
2. बजट पेश करना।
3. सामान्य बहस।
4. मतदान।
5. विनियोग विधेयक।
6. कटौती प्रस्ताव।

**उ14 भारत में भुगतान संतुलन की प्रतिकूलता के कारण –**

1. बढ़ती हुई जनसंख्या।
2. पेट्रोलियम पदार्थो के आयात में वृद्धि।
3. आशा के अनुरूप निर्यातों में वृद्धि न होना।

4. विकास कार्यक्रम।

5. चक्रीय उच्चावचन।

6. तकनीकी परिवर्तन।

7. उपभोक्ता रूचि में परिवर्तन।

**(उपर्युक्त में से कोई 4 कारण संक्षिप्त वर्णन लिखने पर पूर्ण अंक दिये जाये)**

**अथवा**

**प्रतिकूल भुगतान संतुलन को ठीक करने के उपाय –**

1. निर्यातों को प्रोत्साहन।
2. आयात में कमी।
3. विदेशी ऋणों का प्रयोग।
4. विनिमय नियंत्रण।
5. मुद्रा अवमूल्यन।

**(उपर्युक्त में से कोई 4 उपाय संक्षिप्त वर्णन लिखने पर पूर्ण अंक दिये जायें)**

**उ15 व्यापार संतुलन एवं भुगतान संतुलन में अंतर –**

| क्र. | व्यापार संतुलन | क्र. | भुगतान संतुलन |
|---|---|---|---|
| 1 | व्यापार संतुलन में केवल दृश्य मदों का समावेश रहता है। | 1 | इसमें दृश्य एवं अदृश्य दोनों मदों का समावेश रहता है। |
| 2 | व्यापार संतुलन भुगतान संतुलन का ही अंग होता है। | 2 | भुगतान संतुलन सभी मदों का योग होता है। |
| 3 | व्यापार संतुलन में आयातों तथा निर्यातों का विस्तृत विवरण रहता है। | 3 | भुगतान संतुलन में केवल आयात–निर्यातों का ही नहीं वरन् सेवाओं, पूँजी, स्वर्ण आदि का भी समावेश किया जाता है। |
| 4 | व्यापार संतुलन कभी भी अनुकूल या प्रतिकूल हो सकता है। | 4 | भुगतान संतुलन सदैव संतुलित रहता है। |
| 5 | यदि व्यापार संतुलन देश के पक्ष में नहीं हो तो यह अधिक चिंता की बात नहीं है। | 5 | यदि भुगतान संतुलन देश के पक्ष में नहीं हो तो यह चिंता का विषय होता है। |

**(उपर्युक्त में से कोई 4 अंतर लिखने पर पूर्ण अंक दिये जायें)**

**अथवा**

**लोचपूर्ण विनिमय दर के पक्ष में तर्क –**

1. आर्थिक प्रगति की सूचक।
2. अवमूल्यन संभव।

**विपक्ष में तर्क –**

1. संसाधनों का अपव्यय।
2. भुगतान–संतुलन पर प्रतिकूल प्रभाव।

**उ16 आवश्यक भौगोलिक दशाएँ –**

1. मिट्टी।
2. वर्षा।
3. तापक्रम।
4. उत्पादक क्षेत्र।
5. व्यापार।

**अथवा**

**आवश्यक भौगोलिक दशाएँ –**

1. तापमान।
2. वर्षा।
3. मिट्टी।
4. सस्ते श्रमिक।
5. फसल के कीड़ों और बीमारियों की रोकथाम।

**उ.17 राष्ट्रीय आय का महत्व –**

1. आर्थिक कल्याण की माप।
2. सरकार की नीतियों में सहायक।

3. आर्थिक विकास का मापदण्ड।

4. आर्थिक उन्नति का तुलनात्मक अध्ययन।

5. आय के वितरण का अनुमान।

**(उपर्युक्त में से कोई 4 महत्व संक्षिप्त वर्णन करने पर पूर्ण अंक दिये जायें)**

**अथवा**

**भारत की राष्ट्रीय आय कम होने के कारण –**

1. जनसंख्या वृद्धि।
2. कृषि उत्पादन की अनिश्चितता।
3. कुशल श्रमिकों का अभाव।
4. पिछड़ी तकनीक।
5. बचत एवं निवेश की निम्न दर।
6. साहस की कमी।

**(उपर्युक्त में से कोई 4 कारण संक्षिप्त वर्णन करने पर पूर्ण अंक दिये जायें)**

**उ18 अभावी माँग उत्पन्न होने के 5 कारण –**

1. सरकार द्वारा करेंसी की पूर्ति में कमी।
2. बचत प्रकृति में वृद्धि से उपभोग माँग में कमी।
3. करारोपण नीति।
4. सार्वजनिक व्यय में कमी।
5. मुद्रा के चलन वेग में कमी।

**अथवा**

**अत्यधिक माँग को ठीक करने के उपाय –**

1. मुद्रा निर्गम संबंधी नियमों को कठोर बनाना।
2. पुरानी मुद्रा वापस लेकर नई मुद्रा देना।
3. बचत का बजट बनाना।

4. सार्वजनिक व्यय पर नियंत्रण।

5. साख स्फिति को कम करना।

**उ19 एकाधिकार बाजार की पांच विशेषताऐं –**


1. अकेला उत्पादक।
2. निकट स्थानापन्न वस्तुओं का न होना।
3. स्वतंत्र कीमत नीति।
4. प्रवेश पर प्रतिबंध।
5. कीमत विभेद।

**अथवा**

**पूर्ण प्रतियोगिता में वस्तु का मूल्य निर्धारण –**

1. वस्तु की माँग।
2. वस्तु की पूर्ति।

**मूल्य निर्धारण –**




**(उपर्युक्त में पूर्ण वर्णन करने पर पूर्ण अंक दिये जाऐं)**

**उ20 महिला श्रमिकों की मुख्य समस्याऐं –**

1. कम मजदूरी।
2. दुर्व्यवहार।
3. कठोर परिश्रम।

4. कार्य की लंबी अवधि।

5. पर्याप्त अवकाश नहीं।

**अथवा**

**बाल श्रमिकों की दशा सुधारने के उपाय –**

1. छोटा परिवार।

2. उचित शिक्षा का प्रबंध।

3. रोजगारोन्मुखी शिक्षा।

4. सरकार द्वारा कानूनों का कड़ाई से पालन।

5. समाज का मानवीय दृष्टिकोण।

**उ21 फसलों के ढ़ांचे को प्रभावित करने वाले तत्व –**

1. आर्थिक तत्व।

2. भौतिक तत्व।

3. तकनीकी तत्व।

4. सामाजिक एवं ऐतिहासिक तत्व।

5. सरकारी तत्व।

**(संक्षिप्त वर्णन भी करना है)**

**अथवा**

**भारतीय सूती वस्त्र उद्योग की समस्याएँ –**

1. उत्पादन लागत ऊँची होना।

2. कच्चे माल की कमी।

3. निर्यात की समस्या।

4. शक्ति का अभाव।

5. श्रम अशांति।

6. वित्तीय कुप्रबंध।

7. ऊँचे कर।

8. बीमार मिलों की समस्या।

**(कोई 5 समस्याओं का संक्षिप्त वर्णन भी करना है)**

**उ.22 आय गणना प्रणाली के प्रमुख घटक –**

1. मजदूरी आय।
2. गैर मजदूरी व्यय।
3. परिचालन अधिशेष।
4. विदेशों से शुद्ध आय।
5. स्व–उपभोग के लिये वस्तुऐं।

**(संक्षिप्त वर्णन भी करना है)**

**अथवा**

**राष्ट्रीय आय की वृद्धि हेतु सुझाव –**

1. पूँजी निर्माण की दर में वृद्धि।
2. आधारभूत संरचनाओं का विकास।
3. शिक्षा एवं प्रशिक्षण की व्यवस्था।
4. धन एवं आय के वितरण में सुधार।
5. जनसंख्या वृद्धि दर में कमी।
6. उचित विनियोग ढाँचा।

**(संक्षिप्त वर्णन भी करना है)**

**उ.23 प्रत्यक्ष कर के गुण या लाभ –**

1. न्यायपूर्ण।
2. कर चोरी।
3. निश्चितता।
4. लोच।
5. उत्पादकता।
6. नागरिकता की भावना का विकास।

7. कर भार दूसरे पर नहीं डाला जा सकता।

**(कोई 6 वर्णन करने पर पूर्ण अंक दिये जायें)**

**अथवा**

**कर अपवंचन के कारण –**

1. नैतिकता तथा ईमानदारी का अभाव।
2. राष्ट्र प्रेम का अभाव।
3. कर प्रणाली का जटिल होना।
4. भ्रष्टाचार।
5. प्रत्यक्ष कर की चोरी।
6. दण्डात्मक कार्यवाही में शिथिलता।

उ.24

| **पद आकार** (x) | **आवृत्ति** (f) | **पद आकार एवं आवृत्तियाँ** (fx) |
|---|---|---|
| 10 | 8 | 80 |
| 20 | 10 | 200 |
| 30 | 12 | 360 |
| 40 | 20 | 800 |
| 50 | 6 | 300 |
| 60 | 4 | 240 |
| | **$\varepsilon f = 60$** | **$\varepsilon f x = 1980$** |

$$\bar{x} = \frac{\varepsilon f x}{N}$$

$$\bar{x} = \frac{1980}{60}$$

$\bar{x} = 33$

$\bar{x}$ = सरल समांतर माध्य

$\varepsilon$ = सरल समांतर माध्य

fx = आवृत्ति x पद आकार

N = आवृत्तियों का योग

**अथवा**

| आकार | आवृत्ति | संचयी आवृत्ति |
|---|---|---|
| 1 | 5 | 5 |
| 2 | 7 | 12 |
| 3 | 11 | 23 |
| 4 | 9 | 32 |
| 5 | 8 | 40 |
| 6 | 7 | 47 |
| 7 | 3 | 50 |
| 8 | 2 | 52 |

$$M = \text{Size of} \left(\frac{N+1}{2}\right)^{th} \text{item}$$

$$M = \text{Size of} \left(\frac{52+1}{2}\right)^{th} \text{item}$$

$$M = \text{Size of} \left(\frac{53}{2}\right)^{th} \text{item}$$

M = 26 : 5 वां पद

यह संचयी आवृत्ति 32 में शामिल है इस संचयी आवृत्ति से संबंधित पद मूल्य 4 है। अतः मध्यिका 4 है।